Prof. Dr. R. S. Sharma
Vice-Chancellor
MD, DM Cardiology
(AIIMS, New Delhi)

MP Medical Science University
NSCB College Campus Jabalpur
Pin-482 003
Phone: 0761-2670340, Fax: 0761-2670333
Mobile:- 9827066012
Email: docrssharma@gmail.com, web:-mpmsu.edu.in

क्रमांक / म.प्र.आ.वि.वि. / कुलपति / 2019 / 136 जबलपुर, दिनॉंक 22/04/2019

प्रति,

समस्त अधिष्ठाता / प्राचार्य,
(म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से संबंद्ध),

विषयः— छात्रो के अवकाश दिवस संबंधी निर्देश।

महोदय / महोदया,

विद्यार्थियों के सकल हितों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त विषय में विस्तृत निर्देश निम्नानुसार हैः—

1.	ग्रीष्मावकाश	—	16 मई से 04 जून 2019.
2.	होली अवकाश	—	2020 के शासकीय कैलेंडर के अनुसार होली के 2 दिन पूर्व से 3 दिन बाद तक.
3.	रक्षाबंधन अवकाश	—	12 अगस्त से 17 अगस्त 2019.
4.	दीपावली अवकाश	—	22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2019.

इस अवधि में शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित रहेगी एवं उपस्थिति प्रतिशत हेतु ये दिन नही गिने जायेंगे। इस अवधि में प्रस्तावित शैक्षणिक कार्य आगामी अथवा इसके पहले के समय मे सम्मिलित किये जावें।

कृप्या अध्यापन के टाइम टेबिल को उपरोक्तानुसार रखें ताकि छात्रों को हानि न हो। इस अग्रिम सूचना से शहर / राज्य के बाहर के छात्रो को अपना टिकट का आरक्षण कराने में सुविधा होगी तथा वे अपने कार्यक्रम को सुव्यस्थित कर पाएंगे। यहॉं विद्यार्थियों को सचेत किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में जो छात्र घोषित अवकाशों से अधिक समय तक कक्षाओं में अनुपस्थित रहेंगे, उन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी तथा परीक्षा में न बैठ पाने लायक उपस्थिति न होने की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।

उपरोक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

कृप्या ध्यान दें कि—

1. उपरोक्त अवकाश केवल मेडिकल स्नातक (Undergradute) छात्रों के लिए है, मेडिकल टीचर्स एवं अन्य मेडिकल स्टाफ हेतु नहीं है।

2. उपरोक्त अवकाश (छात्रो हेतु) का उपयोग शैक्षणिक विभागों द्वारा आगामी अध्यापन, परीक्षा की तैयारी, छात्र रिकार्ड निरीक्षण एवं अन्य अधोसंरचना में सुधार हेतु किया जा सकता है।

3. स्थानीय पी.जी. एवं फैकल्टी कार्यशालाऍं, कॉन्फ्रेन्स भी इस समय में आयोजित की जा सकती है क्योंकि यह देखा गया है कि बड़ी कॉन्फ्रेन्स तथा कार्यशालाओं के आयोजन के समय स्नातक कक्षायें स्थगित कर दी जाती है।

ये सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किये जायें और उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएं।

भवदीय

डॉ. आर. एस. शर्मा
एम.डी. डी.एम. (कार्डियोलॉजी) एम्स नई दिल्ली
कुलपति
म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर।